# मध्यप्रदेश राज्य सेवा (बैकलॉग) मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 2003–2004

### प्रथम प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित छः प्रश्न–खण्डों में से किन्हीं चार पर प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में, संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये–

(क) भोज वेटलैंड प्रोजेक्ट

(ख) जलियाँ वाला बाग

(ग) सौर उर्जा

(घ) मदर टेरेसा

(ङ.) ज्योतिबा फुले

2. निम्नलिखित छः प्रश्न–खण्डों में से किन्हीं चार पर प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में, संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये–

(क) ओजोन परत

(ख) योजना आयोग

(ग) श्वेत क्रांति

(घ) अमर्त्य सेन

(ङ.) पल्स पोलियो अभियान

3. सम्पूर्ण साक्षरता अभियान तथा सर्व शिक्षा अभियान पर विस्तार से चर्चा कीजिए।

अथवा

शासकीय उपक्रमों से विनवेश के गुण–दोष का विश्लेषण कीजिए।

4. मध्यप्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था और उसकी कार्यप्रणाली का वर्णन कीजिए।

अथवा

नर्मदा घाटी परियोजनाओं पर विस्तृत टीप लिखिए।

5. ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक सुधार के कार्यक्रम को लागू करने से होने वाले परिवर्तनों पर विस्तृत टीप लिखिए।

अथवा

राष्ट्रीय उद्यानों की आवश्यकता और प्रासंगिकता विस्तार से प्रतिपादित करते हुए मध्यप्रदेश के किन्हीं दो राष्ट्रीय उद्यानों पर टीप लिखिए।

## मध्यप्रदेष राज्य सेवा (बैकलॉग) मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 2004

## द्वितीय प्रश्न–पत्र

### भाग – 1

1. भौतिक संरचना की दृष्टि से मध्यप्रदेश को कितने भागों में बाँटा जा सकता है? नर्मदा घाटी क्षेत्र का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश में पाई जाने वाली मिट्टी के प्रकार बताइये? मिट्टी के संरक्षण के क्या उपाय है?

अथवा

मध्यप्रदेश की प्रमुख नदियाँ कौन सी है? प्रदेश के विकास में चंबल अथवा सोन नदी की क्या भूमिका है?

2. ''प्राकृतिक संसाधन'' से आप क्या समझते है? मध्यप्रदेश में मैंगनीज कहाँ पाया जाता है? इसके उपयोग का विवरण दीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश में वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए क्या उपाय किये गये है? मध्यप्रदेश के किसी एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान का वर्णन कीजिए।

अथवा

मध्यप्रदेश में पशुधन विकास के लिए किस निगम की स्थापना की गई? इसके प्रमुख कार्यों का विवरण लिखिये।

3. जनसंख्या का आंकलन किस प्रकार किया जाता है? कृपया प्रक्रिया पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये। मध्यप्रदेश में पुरूष और महिला साक्षरता के अनुपात का विवरण प्रस्तुत कीजिए।

अथवा

कार्यशील जनसंख्या से आप क्या समझते है? मध्यप्रदेश की कुल कार्यशील जनसंख्या कितनी है? कार्यशील जनसंख्या का समाज में आर्थिक योगदान पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अथवा

मध्यप्रदेश में कुल कितने जिले है? जिले का प्रमुख प्रशासनिक अधिकारी कौन होता है? उनके प्रमुख कार्य क्या है? अनुभाग और तहसील स्तर पर इस अधिकारी की सहायता के

लिए कौन–से अधिकारी नियुक्त है?

4. ''भोपाल गैस त्रासदी'' के बारे में आप क्या समझते है? बड़ी औद्योगिक दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आपके क्या सुझाव है?

अथवा

वायु प्रदूषण क्या है? शहरों में वायु प्रदूषण के मुख्य कारण क्या है? इसके नियंत्रण के क्या उपाय है?

अथवा

ध्वनि प्रदूषण की समस्या तथा उस पर नियंत्रण के उपायों का वर्णन कीजिए।

5. ग्रामीण बेरोजगारी क्या है? ग्रामोद्योग द्वारा इस समस्या का निराकरण किस प्रकार किया जा सकता है। संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

अथवा

उद्योगों के विकास के लिए मध्यप्रदेश शासन द्वारा किन संस्थाओं की स्थापना की गई है?

अथवा

संक्षिप्त टीप लिखिये –

(अ) जल विद्युत (ब) पवन उर्जा और (स) बायोगैस

**भाग – 1**

6. मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के नाम लिखिये। इनमें से किन्हीं दो का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

अथवा

होल्कर वंश की स्थापना तथा उसके शासन काल पर संक्षिप्त प्रकाश डालिये।

अथवा

निम्नलिखित में से किन्हीं दो के बारे में संक्षिप्त टीप लिखिये–

(अ) अहिल्याबाई (ब) अवन्तीबाई (स) दुर्गावती।

7. मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के अधीन कार्यरत किन्हीं दो संस्थाओं के कार्यों का वर्णन कीजिये।

अथवा

कला और साहित्य के क्षेत्र में मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा स्थापित किन्हीं दो पुरस्कारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टीप लिखिये–

(अ) खजुराहो नृत्य समारोह (ब) कालिदास समारोह, और

(स) अलाउद्दीन खाँ समारोह।

8. मध्यप्रदेश की आदिम संस्कृति का संक्षेप में वर्णन कीजिये।

अथवा

भील जनजाति की संस्कृति और जीवन–शैली पर संक्षिप्त टीप लिखिये।

अथवा

बैगा जनजाति के रहन–सहन और सांस्कृतिक विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिये।

9. लोक–गीत से आप क्या समझते है? आल्हा गायन का मध्यप्रदेश के लोक जीवन में क्या स्थान है? संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

अथवा

मध्यप्रदेश में लोक नृत्य की प्रमुख शैलियों का वर्णन कीजिए।

अथवा

मालवा प्रदेश की लोक चित्रकला के बारे में संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये।

10. भूषण कौन थे? उनके काव्य की प्रमुख विषेषताओं पर टिप्पणी लिखिये।

अथवा

भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन को प्रभावित करने में सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं की भूमिका पर टिप्पणी लिखिये।

अथवा

निमाड़ी लोक जीवन पर संत सिंगाजी और उनकी कविताओं के योगदान पर टिप्पणी लिखिये।

## मध्यप्रदेश राज्य सेवा (बैकलॉग) मुख्य परीक्षा

## सामान्य अध्ययन वर्ष 2004

## तृतीय प्रश्न–पत्र

1. निम्नलिखित वाक्यों की अधिक से अधिक सौ–सौ शब्दों में व्याख्या कीजिये–

(क) संघर्ष ही जीवन है (ख) सत्य की ही जीत होती है

(ग) साहित्य समाज का दर्पण है (घ) कारज धीरे होत है, काहे होत अधीर

(ड.) जाके पैर न फटीं बिंवाई, सो का जाने पीर पराई।

2. निम्नलिखित गद्यांश से संबंधित प्रश्नों के उत्तर दीजिये।

धर्मनिरपेक्षता का अर्थ है– राज्य एवं धर्म को अलग रखने पर बल देना। इस विचारधारा का आधार यूरोप के चर्च एवं शासकीय शक्ति याने राजा के बीच का संघर्ष है। हमारे संविधान के जनक, जिनमें सभी पर पष्चात् षिक्षा का प्रभाव था, इस तथ्य से सर्वथा परिचित थे कि राज्य अथवा राजनीति के साथ धर्म के जुड़ने से यूरोप में किस प्रकार की तबाही हुई थी। श्री एच.व्ही. कामथ ने जो संविधान सभा के एक सदस्य थे, राज्य एवं धर्म की एकीकरण के विरूद्ध बोलते हुए यूरोप एवं इंग्लैण्ड का उदाहरण दिया, जहाँ इस प्रकार के एकीकरण के भयानक परिणाम निकले। श्री कामथ ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि तीसरी शताब्दी ईसवी बौद्धों और हिन्दुओं के बीच टकराव पैदा हो गया, जिसका अंत भारत में बौद्ध धर्म के पतन के रूप में हुआ। पण्डित जवाहरलाल नेहरू एवं अन्य राष्ट्रवादी नेताओं ने भी हिन्दू राज्य की मांग का कड़ा विरोध किया तथा इस विचार का प्रतिरोध किया कि इंग्लैण्ड की ही भाँति भारत में एक राज्य धर्म होने के बावजूद भी अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति सहिष्णुता हो सकती है। उन्होंने इसके विरूद्ध यह तर्क दिया कि यदि भारत में केवल हिन्दू होते तो भी हिन्दू समाज के विभिन्न समुदायों के बीच धार्मिक मामलों पर मूल मतभेदों एवं इसके विभिन्न स्वरूपों के कारण भारत को धर्मनिरपेक्ष की आवष्यकता पड़ती।

(क) धर्मनिरपेक्षता का अर्थ क्या है?

(ख) धर्म एवं राज्य के एकीकरण के भयानक परिणाम का उदाहरण दीजिये।

(ग) धर्मनिरपेक्ष की विचारधारा का आधार क्या है?

(घ) पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किस माँग का विरोध किया था?

(ड.) राष्ट्रवादी नेताओं ने किस विचार का विरोध किया और क्यों?

3. निम्नलिखित गद्यांश का संक्षेपण लगभग एक–तिहाई शब्दों में कीजिये और एक उपर्युक्त शीर्षक दीजिये–

भारत का पर्वतीय सौन्दर्य अलौकिक है। उत्तर दिषा में दूर–दूर तक पर्वत श्रंखलाएँ फैली हुई है। उनकी गगनचुम्बी चोटियों पर बादल मँडराते है तथा बर्फ गिरती रहती है। विविध मौसम–गर्मी, शरद एवं वर्षा एक ही साथ चलते है। झर–झर झरने प्रवाहित होते रहते है। नदियों के उद्‌गम–स्रोतों की कल–कल ध्वनि गूँजती रहती है। विभिन्न उपयोगी जड़ी बूटियां इस क्षेत्र में उपलब्ध है। अनेक जीव–जंतु यहाँ निवास करते है। ऋषि–मुनि एकान्त साधना में मग्न रहते है। इधर–उधर उगी हुई घास तथा देवदारू के लंबे–लंबे वृक्ष इस प्रदेष में हरीतिमा व्याप्त करते है। प्रातः एवं सायंकल सूर्य पर्वत–श्रंगों पर स्वर्णिमा, गुलाबी, लाल रंग विकीर्ण कर प्रकृति–सुन्दरी को सजाता है। रात्रि में चंद्रमा अपनी शुभ, शीतल तथा मनोहारिणी चाँदनी से प्रकृति–नटी के तन को श्रंगारित करता है। ओस की बूँदें उसे विविध अलंकार पहनाती है। यह सब देखकर ऐसा लगता है– मानो इस रूप से ईष्वर ने अपनी सुरूचि का परिचय दिया है।

4. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखिये और उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिये–

(क) अकल का अंधा (ख) अपना उल्लू सीधा करना (ग) खून–खराबा करना

(घ) गिरगिट की तरह रंग बदलना (ड.) पाँव उखड़ना।

5. निम्नलिखित शब्दों के चार–चार पर्यायवाची शब्द लिखिये –

(क) कमल (ख) तालाब (ग) पवन (घ) पुत्री (ड.) बादल।

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोमार्थी शब्द लिखिये–

(क) अनुराग (ख) संष्लेषण (ग) अन्तरंग (घ) अतिवृष्टि (ड.) वारिस।

7. निम्नलिखित शब्द–युग्मों का अर्थ लिखिये और वाक्यों में प्रयोग के द्वारा उनके अंतर स्पष्ट कीजिये–

(क) कोष–कोस (ख) तरूणी–तरणी (ग) नीर–नीड़

(घ) मूल्य–मूल (ड.) श्वेद–स्वेद।

8. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिये–

(क) बहुत दौड़ लगाने के बाद सोहन को नौकरी मिली।

(ख) कुत्ता दरबान की तरह द्वार पर दुम हिलाता हुआ खड़ा रहता है।

(ग) मैदान में बहुत से पषु–पक्षी उडते और चरते है।

(घ) ज्ञानपीठ पुरस्कार नरेष मेहता की साहित्य साधना के अनुकूल था।

(ड.) वह समय आराम का होने के कारण डॉक्टर ने मरीज से मना कर दिया।

9. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग तीन सौ (300) शब्दों में एक निबंध लिखिये–

(क) साहित्य और समाज (ख) समाचार–पत्र (ग) बेरोजगारी

(घ) टेलीविज़न (ङ.) भारतीय समाज में स्त्री